# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 26 अप्रैल 2024, शुक्रवार

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में आयोजित जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिन्दु

************************

**छत्तीसगढ़ इस बार सभी 11 सीटें भाजपा को दे रही है**

************************

**कांग्रेस मुस्लिम लीग का एजेंडा लेकर चल रही है**

************************

**भाजपा ने छत्तीसगढ़ को बीमारू राज्य से विकसित राज्य बनाया**

************************

**कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए नक्सलवाद का पालन-पोषण किया**

************************

**मोदी 3.0 में छत्तीसगढ़ नक्सलमुक्त हो जाएगा**

************************

**जिन्होंने राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का न्यौता ठुकराया, उनको देश पर शासन करने का अधिकार नहीं**

************************

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति पर निशाना साधा और भाजपा शासन में हुए जनकल्याणकारी और विकास कार्यों का उल्लेख किया। इस कार्यक्रम में उप-मुख्यमंत्री अरूण साव, छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री श्री दयालदास बघेल, दुर्ग लोकसभा सांसद और प्रत्याशी श्री विजय बघेल सहित पार्टी के अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस की वोट बैंक की राजनीति ने जिस युवा भुवनेश्वर साहू की जान ली थी, दुर्ग समेत पूरे छत्तीसगढ़ की जनता ने भुवनेश्वर की हत्या को गंभीरता से लिया है। भारतीय जनता पार्टी ने जब उनके पिता श्री ईश्वर साहू को प्रत्याशी बनाया था तो किसी को नहीं पता था कि रवींद्र चौबे जैसे कद्दावर नेता को वो हरा देंगे। जनता ने ये संदेश दे दिया कि तुष्टीकरण की राजनीति छत्तीसगढ़ में नहीं चलेगी। भाजपा नेता और **पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ बनाने का कार्य किया था, जबकि कांग्रेस छत्तीसगढ़ को बनाने का विरोध कर रही थी**। 20 वर्षों तक छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार रही और बीमारू छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने का कार्य किया गया।

माननीय श्री शाह ने कहा कि पीडीएस के जो चावल गरीबों को नहीं मिलते थे, उन्हें भाजपा ने उन तक पहुंचाने का कार्य किया। धान के सही मूल्य निर्धारण का कार्य भी भाजपा ने किया। भाजपा की सबसे बड़ी उपलब्धि ये होगी कि आने वाले 2 वर्षों में प्रदेश से नक्सलवाद को भाजपा समाप्त कर देगी। **कांग्रेस पार्टी ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के कारण नक्सलवाद का पालन पोषण करने का कार्य किया**। आदरणीय **श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के 10 वर्षों के भीतर पूरे देश से नक्सलवाद को**

**समाप्त कर दिया गया लेकिन छत्तीसगढ़ में भूपेश काका की पंजा छाप सरकार के कारण नक्सलवाद बचा रहा**। जैसे ही छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा सरकार बनाई, प्रदेश के गृह मंत्री और मुख्यमंत्री ने 4 महीनों में लगभग 90 नक्सलियों को समाप्त करने का कार्य किया। 123 लोग गिरफ्तार किए गए और 225 लोग हथियार छोड़कर सरकार की शरण में आए हैं। आदरणीय **श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दीजिए छत्तीसगढ़ की भूमि से नक्सलवाद को जड़ से समाप्त कर दिया जाएगा।**

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल है। कांग्रेस सरकार ने 70 वर्षों तक राम मंदिर के मुद्दे को लटका कर रखा लेकिन श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूसरी बार प्रधानमंत्री बनते के 5 ही वर्षों में कोर्ट का फैसला भी आ गया, भूमि पूजन भी हुआ और भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्य भी हो गया। राहुल गांधी को भी प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था लेकिन वो नहीं गए क्योंकि उन्हें वोट बैंक का डर सताता है। **जो लोग वोट बैंक की राजनीति के लिए राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दें, उन्हें इस देश पर शासन करने का अधिकार नहीं है**। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे सवाल करते हैं कि धारा 370 का छत्तीसगढ़ और राजस्थान की जनता से क्या लेना देना है? छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए जान देने को तैयार हैं। कांग्रेस सरकार ने वोटबैंक की राजनीति के चलते कई वर्षों तक धारा 370 को बनाए रखा था, लेकिन **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर को सदा के लिए भारत का अभिन्न अंग बनाया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी कहते थे कि धारा 370 को हटाया तो देश में खून की नदियां बह जाएगी, खून की नदियां तो छोड़िए किसी की कंकड़ चलाने की भी हिम्मत नहीं हुई। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज देश में आतंकवाद समाप्ति की कगार पर है।** सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह की सरकार में आए दिन देश में आतंकवादी हमले होते थे और कांग्रेस कोई कार्रवाई नहीं कर पाती थी, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल और एयरस्ट्राइक कर 10 दिन के अंदर उरी और पुलवामा का जवाब दिया और आतंकवाद का सफाया किया।

श्री शाह ने जानकारी देते हुए कहा कि **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा के ऊपर उठाने का काम किया है।** भारतीय जनता पार्टी ने माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल मार्गदर्शन में 80 करोड़ लोगों को प्रतिमाह प्रतिव्यक्ति निःशुल्क राशन प्रदान किया है। मोदी सरकार द्वारा 12 करोड़ से ज्यादा घरों में शौचालय बनाने का काम, 4 करोड़ लोगों को घर देने का काम, 10 करोड़ से अधिक माताओं बहनों को उज्जला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया गया है। आज माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने संकल्प पत्र में 3 करोड़ घर बनाने का वादा किया है और इसके साथ ही पाइपलाइन से गैस पहुंचाने का काम अगले 5 वर्षों में किया जाएगा। एक ओर 12 लाख करोड़ रुपए को घोटाले करने वाली कांग्रेस है, वहीं दूसरी ओर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं जिन पर 23 वर्ष तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालने के बाद भी भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है। **भूपेश बघेल एण्ड कंपनी ने महादेव घोटाला किया, कोयला घोटाला किया, शराब घोटाला किया, अनाज घोटाला, रेत घोटाला, पीएससी घोटाला और यहां तक कि गाय के गोबर में भी घोटाला किया।** श्री अमित शाह ने कहा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देश की अर्थव्यवस्था को 10वें स्थान से 5वें स्थान पर लाने का कार्य किया है। भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ की माताओं को माहतारी वंदन योजना के तहत धनराशि देने का वादा किया था और सरकार आते ही वादे को पूर्ण किया। बेमेतारा जिले में सार्वजनिक धन की खरीदी में 9 लाख 34 हजार मीट्रिक टन चावल देश के भंडार में भरे गए। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 12 लाख से अधिक किसानों को बोनस देने का कार्य किया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि **राहुल बाबा को किसी ने तोते की तरह ओबीसी-ओबीसी रटा दिया है, वह यह भूल गए हैं कि देश में जितने दल हैं उन सभी भी पिछड़ा वर्ग के सबसे बड़े विरोधी कांग्रेस दल है। कांग्रेस पार्टी कई वर्षों तक काका साहब कालेलकर और मंडल कमीशन की रिपोर्ट को दबाकर बैठी रही।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक मान्यता देकर पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया। केंद्र की सभी संस्थाओं में आरक्षण देने का काम माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। **कांग्रेस पार्टी यह झूठ फैलाने का काम कर रही है कि भाजपा सरकार आरक्षण को समाप्त कर देगी लेकिन देश में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग का आरक्षण कोई खत्म नहीं कर सकता, 'यह मोदी की गारंटी है।'**

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि निवर्तमान **सांसद व प्रत्याशी श्री विजय बघेल इस क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं**। ग्राम सड़क योजना के तहत 500 किलोमीटर की सड़क दुर्ग क्षेत्र को मिली है। दुर्ग-दल्ली राजहरा के बीच रोड के ओवरब्रिज का निर्माण सांसद विजय बघेल ने कराया है। अमृत भारत स्टेशन के तहत ₹1500 करोड़ की लागत से दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ के 7 रेलवे स्टेशनों का विकास हो रहा है और 7 हजार यात्रियों की क्षमता वाले प्रतीक्षालय भी बन रहे हैं। ₹60 करोड़ से दुर्ग-राजनांदगांव रेलवे लाइन शुरू हुई है, जल जीवन मिशन के तहत दुर्ग के 2 लाख घरों को लाभ मिला है, 2 लाख 9 हजार किसानों को किसान सम्मान निधि से सहायता राशि मिल रही है, 11 लाख किसनों को फसल बीमा का फायदा मिला, दुर्ग-भिलाई के बीच बाय फेस ब्रिज का निर्माण किया गया है। **इसी क्षेत्र से भूपेश बघेल विधायक चुने गए थे लेकिन चुनाव लड़ने की बारी आई तो राजनांदगांव चले गए**। कांग्रेसी फिर से देश की जनता के सामने झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा है कि अल्पसख्यकों के लिए अलग कानून बनाएंगे, तीन तलाक बापस लाएंगे। **कांग्रेस पार्टी मुस्लिम लीग के एजेंडे को आगे बढ़ाने वाली पार्टी है लेकिन जनता न राहुल गांधी को चुनेगी और न ही तीन तलाक वापस आ पाएगा**। नागरिकता संशोधन कानून, तीन तलाक और 370 की समाप्ति को किसी को हाथ नहीं लगाने दिया जाएगा।

माननीय केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि अटल जी ने छत्तीसगढ़ बनाया था और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी संभाल रहे हैं। प्रधानमंत्री जी ने विकसित भारत अभियान शुरू किया है, जिसमें प्राथमिकता छत्तीसगढ़ की है। कई राज्यों ने श्री नरेन्द्र मोदी जी को सभी सीटें दी थीं लेकिन पिछले चुनावों में छत्तीसगढ़ से एक सीट छूट गई थी। श्री शाह ने इस चुनाव में जनता से 11 की 11 सीटें देकर श्री विजय बघेल को विजय बनाकर आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

***************************